# प्रभारी सचिव ने उपचाराधीन रोगियों से पूछा उपचार के लिए कोई शुल्क तो नहीं लिया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कृषि एवं उद्यान विभाग के प्रमुख शासन सचिव तथा जिला प्रभारी सचिव वैभव गलरिया ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर इंदिरा चौक स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र और चूनावढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केन्द्र में रोगियों से बात करने के बाद प्रभारी सचिव ने चिकित्सा केन्द्र के प्रभारी अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला मुख्यालय पर इंदिरा चौक स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचने के बाद जिला प्रभारी सचिव ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा जिला प्रभारी सचिव को बाल वाटिका सहित विभागीय योजनाओं से अवगत करवाया गया। यहां संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी अवलोकन करते हुए उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा से जुड़ी हुई जानकारी दी जाएं।

चूनावढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन करते हुए जिला



गंगानगर जिला प्रभारी सचिव वैभव गलरिया ने चूनावढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर भर्ती मरीज से इलाज के बारे में जानकारी ली।

प्रभारी सचिव ने उपचाराधीन रोगियों से पूछा कि उन्हें स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं उपचार के लिए किसी तरह का शुल्क तो नहीं लिया गया है। चिकित्सक और स्टाफ उपचार कर रहे हैं या नहीं इस पर रोगियों ने अवगत करवाया कि स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बेहतर है। उपचार के लिए कोई शुल्क नहीं लिया गया है और चिकित्सक स्टाफ समय-समय पर उनकी देखभाल कर रहे हैं।

इस दौरान जिला प्रभारी सचिव ने आईपीडी, लेबर रूम, एक्स-रे रूम, लैबोरेट्री, दवा वितरण केन्द्र, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के काउंटर और वैक्सीनेशन केंद्र का भी निरीक्षण किया। वैक्सीनेशन सेंटर पर उन्होंने अब तक हुए वैक्सीनेशन का रिकॉर्ड देखा और एएनएम से बच्चों को लगाए जाने वाले वैक्सीनेशन की जानकारी ली।

इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि रोगियों को समस्त प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। इस दौरान उनके साथ जिला कलेक्टर लोकबंधु, एडीएम प्रशासन वीरेंद्र सिंह चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी गिरजेशकांत शर्मा, आईसीडीएस उपनिदेशक सुमित्रा बिश्नोई, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला सहित अन्य मौजूद थे।

- **जिला प्रभारी सचिव ने आंगनबाड़ी केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर रोगियों से बात कर केन्द्र प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए**

वहीं समृद्ध राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत आज तेरापंथ महिला मंडल गंगाशहर ने अर्हम इंग्लिश एकेडमी स्कूल में कार्यक्रम किया। जिसमें सर्वप्रथम कार्यकारिणी सदस्य रूचि छाजेड़ ने महाप्राण ध्वनि का प्रयोग करवाया। उसके बाद मंडल उपाध्यक्ष प्रेम बोथरा ने आज के विषय क्रोधी नहीं सहनशील बनें। इस पर बच्चों को कहानियों के माध्यम से बहुत ही अच्छी तरीके से समझाया और बीच-बीच में उनसे प्रश्न भी पूछे। उसके बाद जय डागा ने बच्चों को व्यायाम करवाया और सरिता आंचलिया ने बच्चों को उद्घोष करवाया उसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल सुरेन्द्र डागा ने सभी का आभार ज्ञापित किया और महिला मंडल द्वारा किए जा रहे हैं इस कार्यक्रम की सरहाना की ।

## टेबल टेनिस में अरना साहनी विजेता

**बीकानेर,** (कासं)। सैकंड राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता स्थानीय टीटी हाल में जिला टेबल टेनिस संघ बीकानेर की मेजबानी में प्रारंभ हुई।

स्टेट चैम्पियनशिप के पहले दिन उद्घाटन मैच में 11 वर्ष बालिका में जयपुर की अरना साहनी विजेता तथा कोटा की रूही लखानी उप विजेता रही। जबकि 11 वर्ष बालक वर्ग में जयपुर के दक्ष सोनी विजेता और आरव साहनी उपविजेता रहे। इसी प्रकार 13 वर्ष बालिका ग्रुप में जयपुर की आदिश्री दासुंडी विजेता तथा जयपुर की ही मानविका सिंह उपविजेता रही। जबकि 13 वर्ष बालक वर्ग में जयपुर के विहान टाक विजेता और भावित सिंह भाटी उपविजेता रहे।

विजेताओं को संघ की ओर से मैडल, प्रमाण पत्र के साथ दो हजार रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया। जबकि उप विजेताओं को मैडल, प्रमाण पत्र तथा एक हजार रूपए नकद पुरस्कार स्वरूप दिए गए। कार्यक्रम उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता विवेक गोयल ने राज्य भर से आये खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार सिंह भदौरिया ने खेलों को रेखांकित करते हुए इनकी उपयोगिता जीवन के लिए अनिवार्य बताई। विशिष्ट अतिथि सुनित गांधी ने कहा कि भावना से खेलना जीवन को नए आयाम देता है।

## सार-समाचार

### ऑनलाइन पोर्टल का लोकार्पण



मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने मेडएज्यू ऑनलाइन पोर्टल का लोकार्पण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। एनएमसी के दिशा निर्देश की अनुपालना में सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर द्वारा अपने पीजी विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों के ऑनलाइन संधारण, संरक्षण मॉनिटरिंग सहित अन्य उपयोगी कार्यों के लिए एक ऑनलाइन एमईडीईडीयू डॉट ओआरजी पोर्टल का निर्माण किया गया है। राजस्थान में ऐसा पोर्टल अपने स्तर पर बनाने वाला एसपीएमसी राजस्थान का प्रथम मेडिकल कॉलेज है। इस वेबसाइट का निर्माण महाविद्यालय के आई टी नोडल ऑफिसर डॉ. रजनीश विजय बरार ने किया है। डॉ. बरार ने इस वेबसाइट को कॉलेज एवं पीजी स्टूडेंटस के निःशुल्क उपयोग हेतु समर्पित किया है। डॉ. बरार ने बताया कि एनएमसी के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2023 के पंजीकृत पीजी विद्यार्थी जो एसपीएमसी से एमडी, एमएस, डीएम अथवा एमसीएच का कोर्स कर रहे है। उनके लिए तीन वर्ष तक अपने लर्निंग एक्टिविटीज को ऑनलाइन रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है। विद्यार्थियों के साथ ही सभी विभागों से स्नातकोत्तर चिकित्सक शिक्षक भी इस पोर्टल में पंजीकृत है जो समय समय पर विद्यार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन करेंगे।

### अतिथि-गृह का भूमि पूजन



कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने प्लेटिनम जुबली अतिथि-गृह का भूमि पूजन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के कैम्पस परिसर में गुरूवार को कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने प्लेटिनम जुबली अतिथि-गृह का भूमि पूजन किया। प्रो. गर्ग ने बताया कि ~~8 कमरों का यह गेस्ट हाउस सभी सुविधाओं से सुसज्जित होगा जिससे~~ विश्वविद्यालय में बाहर आने वाले अतिथियों को ठहरने की उत्तम सुविधा उपलब्ध हो पायेगी। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो हेमन्त दाधीच, अधिष्ठाता प्रो. ए.पी. सिह, निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो राजेश कुमार धूड़िया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रवीण बिश्नोई, निदेशक मानव संसाधन विकास प्रो. बी.एन. श्रृंगी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. उर्मिला पानू, निदेशक पी.एम.ई. प्रो. राहुल सिंह पाल, स्टेट ऑफिसर (ई.ओ.) पंकज सोलंकी एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

### जन्माष्टमी पर व्यवस्थाओं की मांग



श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में जन्माष्टमी पर पुलिस व्यवस्था की मांग को लेकर एस. पी. को ज्ञापन दिया।

**बीकानेर,** (कासं)। श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति का एक शिष्टमंडल सीताराम कच्छावा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम तथा नगर विकास न्यास के असिस्टेंट सेक्रेटरी जगमोहन हर्ष से मिला तथा उनसे श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में ऊभछठ तथा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर व्यवस्थाओं की मांग की। शिष्टमंडल में शिवप्रकाश सोनी, हनुमंत आसोपा, कैलाश छीम्पा, हेमन्त शर्मा, मुकेश जोशी तथा अनिल सोनी आदि शामिल थे। लक्ष्मीनाथ मंदिर में बड़ी तीज 21 अगस्त, ऊभ-छठ का त्यौहार, 24 अगस्त तथा जन्माष्टमी का त्योहार 26 अगस्त को मनाया जायेगा। सीताराम कच्छावा ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि 24 अगस्त को ऊभछठ के मेले में मंदिर परिसर में रात्रि को 7.30 बजे से चंद्रोदय 10.30 बजे तक केवल महिलाओं को ही प्रवेश दिया जाता है।

# जिला अस्पताल में बर्न यूनिट नहीं होने से रोगी परेशान

- **टाउन के महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय में स्टॉफ के अभाव में बर्न यूनिट कई सालों से बंद पड़ी है**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सूबे की सरकार बदलती रही पर झुलसे मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में न तो बर्न यूनिट शुरू और न ही बर्न स्पेशलिस्ट मिल सके। इसी कारण से मरीजों को अस्पताल से रैफर किया जा रहा है।

टाउन के महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय में स्टॉफ के अभाव में बर्न यूनिट कई सालों से बंद पड़ी है। बर्न यूनिट को शुरू करने के लिए कई सामाजिक संगठन जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। इतने सालों में स्टॉफ की व्यवस्था नहीं होने के कारण बर्न यूनिट बंद पड़ी है। अस्पताल प्रशासन की तरफ से भी बर्न यूनिट तैयार करने के लिए स्टॉफ की आवश्यकता का जिक्र करते हुए मुख्यालय को कई बार प्रस्ताव भेजे गए। रिमांइडर भी भेजे, लेकिन यूनिट के संचालन के लिए मुख्यालय ने कोई कदम नहीं उठाए।

दरअसल जिला कलेक्टर जिला अस्पताल की राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के अध्यक्ष भी हैं। इसलिए सामाजिक संगठनों ने चिकित्सा एवं स्वाथ्य विभाग से स्टॉफ लगाने की मांग की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बर्न यूनिट नहीं होने के कारण जिला अस्पताल में 50 प्रतिशत तक झुलसे रोगियों का इलाज किया जाता है। इससे अधिक होने पर रोगी को रैफर किया जाता है। इसलिए चाहिए बर्न यूनिट बर्न यूनिट को इस तरह से तैयार किया जाता है कि जिससे यूनिट में भर्ती मरीज को किसी प्रकार का संक्रमण न हो। क्योंकि झुलसने के बाद मरीज के शरीर से परत उतर जाने से सारे कीटाणु सीधे उसके शरीर में प्रवेश करते है। इसलिए यदि थोड़ी धूल मिट्टी भी उसके झुलसे हिस्से पर पड़ती है तो उसके जीवन को खतरा बन जाता है।

बर्न यूनिट पूरी तरह एयर कंडीशन होती है। विद्युत व्यवस्था ठप होने पर जनरेटर के जरिए एसी का संचालन किया जाता है। 5 साल से वैकल्पिक व्यवस्था भी बंद करीब पांच साल पहले पूर्व पीएमओ डॉ. एम.पी. शर्मा ने जिला अस्पताल में बर्न यूनिट शुरू करवाई थी। इस बर्न यूनिट में 70 के करीब झुलसे रोगियों को भर्ती कर इलाज किया जाना शुरू किया गया।

इसके बाद स्टॉफ की कमी के चलते इसी यूनिट को साधारण वार्ड में तब्दील कर दिया और बर्न यूनिट बंद हो गई। पांच वर्ष पहले अस्पताल की एमसीएच यूनिट के सामने बर्न यूनिट की एक छोटी इकाई बनाई थी, लेकिन उपयुक्त सुविधाएं मौजूद नहीं होने पर धीरे धीरे यह वैकल्पिक व्यवस्था भी खत्म हो गई। एक वजह अस्पताल में बर्न स्पेशलिस्ट व सीनियर नर्सिंग स्टाफ का न होना भी रहा। ऐसी होती है बर्न यूनिट बर्न यूनिट में रोगियों के लिए आइसोलेटेड बैड, स्पेशल टॉयलेट बाथरूम, किचन, कपड़े धुलने के लिए लांड्री आदि की व्यवस्था होती है।

## उपखंड स्तर पर फसल कटाई का प्रशिक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। उपखंड मुख्यालय स्तर पर एक दिवसीय फसल कटाई प्रयोग प्रशिक्षण (खरीफ 2024-25) का आयोजन 12 से 23 अगस्त तक किया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी (भू-अभिलेख) ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ में 12 अगस्त को, नोखा उपखण्ड मुख्यालय पर 13 अगस्त को नोखा व जसरासर तहसील क्षेत्र तथा बज्जू उपखण्ड मुख्यालय पर 14 अगस्त को प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोलायत उपखंड मुख्यालय पर 16 अगस्त को हदां, कोलायत और गजनेर तहसील क्षेत्र के लिए, छतरगढ़ में 20 अगस्त, पूगल में 22 अगस्त को पूगल व खाजूवाला तहसील क्षेत्र का एवं लूणकरनसर में 23 अगस्त को प्रशिक्षण आयोजित किए जायेंगे। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण में संबंधित क्षेत्रों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ऑफिस कानूनगो एवं भू-अभिलेख निरीक्षक, कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक एवं उपखण्ड में पंचायत के प्रगति प्रसार अधिकारियों सहित कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# दाणा मेथी, अश्वगंधा के निर्यात में बीकानेर टॉप

- **करीबन 20 प्रकार के प्रमुख उत्पादों का 25 से ज्यादा देशों में निर्यात हो रहा है**
- **निर्यात का सालाना कारोबार करीबन एक हजार करोड़ रूपए से भी ज्यादा का है**

**बीकानेर,** (कासं)। अब बीकानेर भी देश-प्रदेश ही नहीं दुनिया में अपने उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता के लिए ब्रांड बनकर उभरा है। कुछ मामलों में तो यह दुनिया में खास मुकाम हासिल कर चुका है।

निर्यात अब नमकीन और मिठाई तक ही सीमित नहीं रहा। यहां से मूंगफली गोटा के साथ दो-तीन साल से मूंगफली तेल का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है। कुल मिलाकर तकरीबन 20 प्रकार के प्रमुख उत्पादों का दुनियां के 25 से ज्यादा देशों में निर्यात हो रहा है। निर्यात का सालाना कारोबार तकरीबन एक हजार करोड़ रूपए से भी ज्यादा का है।

हमारे शुष्क और रेतीले इलाके में औषधीय गुण वाले तीन ऐसे उत्पाद हैं, जो साल 2024 की दुनियां की टॉप 25 की सूची में शामिल हैं। यह हैं गोखरू, अश्वगंधा और मेथी। इनमें गोखरू बीकानेर और श्रीगंगानगर जिले में खरपतवार के रूप में बहुतायत में उगता है। इसे किसान एकत्रित कर अतिरिक्त आय का जरिया बना रहे हैं। वहीं अश्वगंधा की खेती बीकानेर और नागौर से लगते इलाके में लोग करने लगे हैं। नागौर और इससे लगते बीकानेर क्षेत्र की दाणा मेथी की तो दुनिया में धाक है।

यह तीनों ही औषधीय गुण वाले पौधे हैं। दुनियाभर में कोविड के बाद से इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। अश्वगंधा इम्यूनिटी, स्टेमिना बढ़ाने और नींद बेहतर करने वाले औषधीय गुण रखता है। गोखरू का कांटा 45 से 65 रूपए प्रति किलो तक के रेट पर मिलता है। टेस्टोस्टरोन बढ़ाने और औषिध में उपयोग किया जाता है।

# भगवान नेमिनाथ जन्म कल्याणक पर कार्यक्रम

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर तपागच्छ के मुनि पुष्पेन्द्र विजय व मुनि श्रुतानंद विजय के सानिध्य में जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जन्म कल्याणक पर चार दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार से 13 अगस्त तक आयोजित किया जायेगा।

श्री आत्मानंद जैन महासभा के तत्वावधान में शुक्रवार को रांगड़ी चौक के तपागच्छीय उपाश्रय में उपकरण वंदनावली का संगीत कार्यक्रम सुबह नौ से दस बजे तक होगा। मुनिश्री पुष्पेन्द्र विजय ने बताया कि जैन मुनि 14 संयम उपकरण संयम अंकीकार कर आत्म कल्याणा का संदेश देते है। इन उपकरणों का भाव पूर्वक वंदन करने से पापों का प्रक्षालन व पुण्यों का संचय होता है। रजोहरण, मुहपत्ति, पात्रा, डंडा-डंडासन, मुनिवेश, माला, पुस्तक आदि उपकरण मूर्छा रहित जीवन जीने की प्रेरणा देते है। मुनि श्रुतानंद विजय ने कहा कि यह उपकरण सयम साधना की प्रेरणा देते है।

उपकरण को प्राप्त कर पूर्व में कई चक्रवतिर्यों, बड़े-बड़े राजाओं-महाराजाओं ने सर्वस्व त्याग कर संयम अंगीकार कर आत्म कल्याण किया। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय कार्यक्रमों में भागीदारी निभाने से पापों का क्षय व पुण्यों का उदय होगा।

## पेट्रोल पंप से 2.50 लाख चोरी

**बीकानेर,** (कासं)। शहर में भाजपा नेता के पेट्रोल पंप से दिन दहाड़े ढाई लाख रूपये की नगदी चोरी का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार गजनेर रोड़ पर पंडित धर्म कांटे के पास भाजपा के युवा नेता दीपक पारीक के पेट्रोल पंप पर बुधवार की देर अपरान्ह हुई चोरी की इस घटना में दुस्साहसी चोर पंप कैबिन में घुसकर गल्ले से ढाई लाख की नगदी पार कर ले गया। इस पता चलने पर पेट्रोल पंप कर्मियों में हड़कम्प मच गया। इस दौरान जब कैबिन में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये तो उसमें अज्ञात युवक गल्ले से नगदी पार करते हुए ट्रेस हो गया।

# एक दिन में 12 लाख 12 हजार 760 पौधे लगाये

- **एक ही दिन में हुए पौधारोपण के मामले में बीकानेर समूचे प्रदेश में पहले नंबर रहा**

**बीकानेर,** (कासं)। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा-अभियान के तहत बुधवार को जिले में 12 लाख 12 हजार 760 पौधे लगाये गए। एक ही दिन में हुए पौधारोपण के मामले में बीकानेर समूचे प्रदेश में पहले नंबर रहा।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला मुख्यालय से लेकर गांव-गांव तक पौधारोपण का महाभियान चलाया गया। इसके तहत जिले में 12 लाख 12 हजार 760 पौधे रोपित किए गए। उन्होंने बताया कि हरियाली तीज पर आयोजित अभियान के लिए 9 लाख 57 हजार का लक्ष्य निर्धारित था। जिले में इस लक्ष्य की तुलना में 2 लाख 55 हजार 740 पौधे अधिक लगाये गए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले में इस वर्ष 39 लाख 36 हजार 415 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। छह अगस्त तक 22 लाख 4 हजार 946 पौधे लगाये गए। वहीं 7 अगस्त को एक ही दिन में 12 लाख से अधिक पौधे लगे।

जिला कलेक्टर ने बताया कि बुधवार को जिले में मनरेगा के तहत 1 लाख 26 हजार 502, वन विभाग द्वारा 6 लाख 36 हजार, शिक्षा विभाग द्वारा 4 लाख 28 हजार 51, कृषि एवं उद्यानिकी द्वारा 6 हजार 534, नगर निगम एवं यूआईटी द्वारा 8 हजार 870 और अन्य विभागों द्वारा 6 हजार 803 पौधे लगाये गए।

# गुसाईसर बड़ा जी.एस.एस. को 33 के.वी. की नई लाइन से जोड़ने के कार्य का लोकार्पण

- **33 के.वी. से नई लाइन जोड़ने से किसानों को पूरी बिजली मिलने के साथ कटौती से भी राहत मिल पायेगी**

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने गुरुवार को गुसाईसर बड़ा जीएसएस को 33 केवी की नई लाइन से जोड़ने के कार्य का लोकार्पण किया। विभाग द्वारा 20 किलोमीटर लाइन खींचकर गुरूवार को इसे चालू कर दिया गया।

विधायक ने फीता काटकर इस कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सारस्वत ने कहा कि क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे खेती उद्योग के साथ घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने पीएचईडी के ट्यूबवैल पर जाकर 6 घंटे के स्थान पर 24 घंटे बिजली सप्लाई शुरू करवाने का करवाया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण भी किया।

नगर पालिकाध्यक्ष मानमल शर्मा ने कहा कि इससे किसानों को पूरी बिजली मिलने के साथ कटौती से भी राहत मिल पायेगी। कार्यक्रम में विनोद गिरी गुसाई, हेमनाथ जाखड़, जगदीश



विधायक ताराचंद सारस्वत ने गुंसाईसर बड़ा जी.एस.एस. पर 33 के.वी. की नव स्वीकृत लाइन का लोकार्पण किया।

गुर्जर, महेश राजोतिया, सुरेन्द्र चूरा सहित गुसाईसर बड़ा, बींझासर व लोढरा के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विधायक ने ग्रामीणों के साथ पौधारोपण भी किया। इस दौरान सरपंच सत्यनारायण सारस्वत, सत्यनारायण शर्मा, विभाग के अधिकारी गोविंद शर्मा, विष्णु मेथी, मुकेश मालू, ताराचंद शर्मा, भंवरलाल गोदारा, केशुराम कस्वां, मोहन कुलडिया, डालूराम, कॉपरेटिव सोसायटी देवकरण पारीक, सहीराम गोदारा, तोलाराम गोदारा, भंवरलाल सारस्वत, रामकरण गोदारा, राजूराम गोदारा, भींयाराम सारण, टालीराम शर्मा, मदन सारस्वत, प्रहलाद दास स्वामी, प्रयागदास स्वामी, रामदास स्वामी, मूलाराम सहू, हड़मानदास स्वामी, बजरंगदास, जैसाराम खाती, ताजूराम कुम्हार, गोवर्धन कुम्हार, शांताराम गोदारा, रामलाल गोदारा, रेवंतराम नायक, चुनाराम मेघवाल, जुगलाराम नायक, हनुमान छींपा, मनोज सोनी, मालाराम मेघवाल, कानाराम लूहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# बीकानेर के सलीम बेग एथलेटिक्स में भाग लेने स्वीडन जायेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। स्वीडन के गुटनबर्ग में 13 से 25 अगस्त तक होने वाली विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बीकानेर के अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स धावक सलीम बेग भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे।

सलीम बेग इस प्रतियोगिता में 80 मीटर बाधा दौड़, लम्बी कूद सहित स्पर्धाओं में शिरकत करेंगे। सलीम बेग 11 अगस्त को नई दिल्ली से स्वीडन के लिए रवाना होंगे। जिला कलेक्टर बीकानेर कार्यालय के सेवानिवृत कार्मिक सलीम बेग को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे प्रदर्शन की कामना की।

इस मौके पर कलेक्ट्रेट के संस्थापन अधिकारी मुजीबर्रहमान, मोहम्मद रियाज, प्रशासनिक अधिकारी रामेश्वरलाल जीनगर, मनीष शर्मा, मनीष जोशी, मनोज कुमार व्यास, शंकर विश्वकर्मा आदि ने सलीम को अग्रिम शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि जापान, थाईलैंड, सिंगापुर, श्रीलंका, मलेशिया, फिलीपींस इत्यादि



अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स में भाग लेने स्वीडन जाने वाले सलीम बेग को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शुभकामनाए दी।

देशों में आयोजित विश्व मास्टर्स चैम्पियनशिप एवं एशिया चैम्पियनशिप प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए सलीम ने अब तक कुल 19 पदक जीते हैं। इनमें 8 स्वर्ण, 6 रजत तथा 5 कांस्य पदक शामिल हैं।

राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में ताइक्वांडो के सीनियर खिलाडियों की चयन प्रक्रिया बीकानेर जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा अचीवर्स ताइक्वांडो एकेडमी, करणी नगर, बीकानेर में संपन्न हुई।